परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक

19-05-2025

प्रेस विज्ञप्ति

- **डी0आई0जी0बस्ती द्वारा रेंज के जनपदो में प्रचलित बृहद निर्माण कार्यो, आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु की गयी तैयारियो के संबंध में की गयी समीक्षा गोष्ठी।**
- **संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 19.05.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के जनपदो मे प्रचलित वृहद निर्माण कार्यो तथाआगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु की गयी तैयारियो के संबंध मे समीक्षा गोष्ठी की गयी।

डी0आई0जी0 बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

1- पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि रेंज में प्रचलित कुल 33 बृहद निर्माण कार्यो के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

2- आगामी आरक्षीगण के प्रस्तावित प्रशिक्षण के दृष्टिगत निर्माणाधीन भवनो को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण करा लिया जाये ताकि प्रशिक्षण को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

3- रिक्रूट आरक्षियो के रुकने के स्थान पर मौसम के दृष्टिगत समय से पर्याप्त मात्रा में पंखा, कूलर,पीने के पानी, रोशनी आदि की व्यवस्था करा लिया जाये।

4- जिन भवनों का निर्माण कार्य विगत काफी वर्षो से किसी कारणवश रुका हुआ है उन भवनो का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाये।

5- पुनरीक्षित आगणन के कारण रुके हुए निर्माण कार्यों के संबंध मे मुख्यालय स्तर पर प्रभावी पैरवी कर पुनरीक्षित धनराशि स्वीकृत कराकर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाये।

6- प्रतिसार निरीक्षक गण को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन भवनो का समय-समय पर भौतिक सत्यापन करते रहे जिससे उनकी गुणवत्ता बनी रहे।

7- निर्माणाधीन भवनो का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे एवं फोटो और वीडियो तैयार करके आगामी मीटिंग मे लेकर आये जिससे पता चले कि कार्य की क्या प्रगति है।

उक्त गोष्ठी मे श्री सुशील कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक सन्त कबीरनगर,श्री अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन सिद्धार्थनगर, रेंज के तीनों जनपदों के प्रतिसार निरीक्षक,प्रधान लिपिक तथा संबंधित निर्माण इकाई के सहायक/जूनियर इंजीनियर व परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रधान लिपिक उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।